an>

Title: Need to establish a Navodaya Vidyalaya in Hapur, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। नवोदय विद्यालयों की योजना का शुभारम्भ वर्ष 1986 में किया गया था। इस योजना का उद्देश्य प्रमुख रूप से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों का चयन कर उन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना था। इन आवासीय विद्यालयों ने विद्यालयीन शिक्षा के क्षेत्र में अपने आपको अत्यंत उपयोगी सिद्ध किया है। विशेषकर आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के प्रतिभाशाली बालकों के लिए यह योजना वरदान सिद्ध हुई है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में कम से कम एक नवोदय विद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2011 में सृजित उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ में कोई नवोदय विद्यालय अभी तक नहीं है।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि क्षेत्र के बच्चों की आवश्यकता को देखते हुए हापुड़ में अतिशीघ्र एक नवोदय विद्यालय की स्थापना करने का कष्ट करें। .